प्रेस नोट

थाना साइबर क्राइम, झाँसी

दिनांकः- 05.07.2025

E-mail - sho-cybercrime.jh@up.gov.in, cybercrimejh-up@nic.in

Whatsapp Mobile Number- +917839876648, +919454409751

सतर्कता और जागरूकता ही साइबर अपराध रोकने का उपाय है।

साइबर ठगी से सम्बन्धित 1,97,715/- रुपए बरामद-

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, साइबर उ०प्र० लखनऊ श्री विनोद के. सिंह व श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक झाँसी, परिक्षेत्र झाँसी, श्री केशव कुमार चौधरी के पर्यवेक्षण एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी पुलिस द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम व बचाव हेतु स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेन्टर, सभागार, सार्वजनिक स्थानों आदि पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर आमजनमानस को जागरुक करने के साथ-साथ लोगों के साथ हुई साइबर ठगी में प्रभावी कार्यवाही करते हुए साइबर क्राइम थाना व साइबर सेल झाँसी द्वारा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से साइबर ठगी की धनराशि बरामद कर पीडितों के खाते में वापस कराने के क्रम में आज दिनांक 05.07.2025 को आवेदक श्री सुशांत सौरभ पुत्र श्री सुशील कुमार निवासी बेला छपरा बिहार हाल पता सृजन संस्था झाँसी के साथ दिनाँक 12.06.2025 को गलत लेन-देन में गई सम्पूर्ण धनराशि 1,97,715/- रुपये बरामद कराया गया। जिस पर आवेदक दीपक कुशवाहा द्वारा झाँसी पुलिस की प्रशंसा की गई।

बरामद धनराशि- 1,97,715/- रुपये

बरामद कराने वाली टीम का विवरण-

1. श्री चन्द्रदेव यादव, प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राइम, जनपद झाँसी।
2. उ.नि. श्री नीरज कुमार, थाना साइबर क्राइम, जनपद झाँसी।
3. का. जितेन्द्र सिंह, थाना साइबर क्राइम, जनपद झाँसी।

****साइबर अपराध होने पर तुरन्त 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें** **